## समाचार सार

### 'उत्तम भविष्य के लिए व्यवस्थित यातायात व्यवस्था जरूरी'


यातायात व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में शामिल अतिथियों के साथ विद्यार्थी।

**संस, जागरण● ब्रजराजनगर :** नगर के भीड़भाड़ भरे चौराहों पर यातायात व्यवस्था का सही प्रबंधन समेत लोगों की चेतना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी को लेकर नगर के भीड़भाड़ वाले गोल चक्कर अर्थात बीजू पटनायक चौक पर शुक्रवार को परीक्ष के तौर पर एक सर्वेक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का दायित्व पालिका के कार्यनिर्वाही अधिकारी चंद्रमणि स्वाई व सम्मानित अतिथि का दायित्व सदर थाना प्रभारी धवलेस्वर साहू, पूर्व नगरपाल माधव वर्मा, ब्रजराजनगर महाविद्यालय के प्राचार्य समीर रंजन नायक व कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी विक्रम प्रधान ने निभाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा प्रदान करने वाली संस्था सनशाइन के मुखिया मनीष वर्मा ने की। वक्ताओं ने यातायात प्रबंधन की आवश्यकता व इस बाबत लोगो में सचेतनता जागृत करने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह सर्वेक्षण कार्यक्रम सुबह 9 से 10 व दोपहर 2 से 3 बजे तक तीन दिनों तक जारी रखने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाना, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करना, वाहन चलाने के दौरान मोबाइल का प्रयोग करना आदि पर नजर रखी जाएगी। ब्रजराजनगर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं इसका संचालन करेंगे तथा संस्था के मुख्य मनीष वर्मा इसका प्रबंधन करेंगे।

### बेलपहाड़ में पांच से नौ मार्च तक होगा 24 प्रहरी नामयज्ञ


बेलपहाड़ के समड़ा जगन्नाथ मंदिर में आयोजित बैठक में शामिल लोग ● जागरण

**संस, जागरण● ब्रजराजनगर :** बेलपहाड़ के समड़ा स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में आगामी वर्ष 2025 में होने वाले 24 प्रहरी नामयज्ञ को लेकर शुक्रवार को तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। पंचांग को देखकर बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष पांच से नौ मार्च तक 24 प्रहरी नामयज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस नामयज्ञ के लिए नई कमेटी का गठन किया गया। इस नई कमेटी में लिंगराज साहू को अध्यक्ष, प्रदीप पसायत व विज्ञान स्वाई को सचिव बनाने के साथ ही मकरध्वज खमारी, दुर्गा प्रधान, रमा भोल, प्रफुल्ल रथ, प्रचंड जायसवाल, लिंगराज नायक, आलोक खमारी, मोतीराम मेहर, धर्मेंद्र सिंह, टुल्लू मेहर, हेम सागर पटनायक, नवीन पसायत, लाल साहेब सेनापति, कृष्ण सेठ, रमेश मेहर व रविन्द्र बानी आदि को अलग-अलग प्रकार के दायित्व प्रदान किए गए है। बैठक में मंदिर के पुजारी डमरूधर मिश्र, राजेंद्र मिश्र, मंदिर प्रबंधन कमेटी के सत्यप्रकाश महंती व रमाकांत मेहर समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

# मजदूरों को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में छह लोग गिरफ्तार

## महिला से छेड़छाड़ करते पकड़े जाने पर दिया था घटना को अंजाम



**जागरण संवाददाता, राउरकेला :** टाउन थाना की पुलिस ने सुंदरगढ़ में पश्चिम बंगाल के आठ निर्माण श्रमिकों पर हमला करने और उन्हें निर्वस्त्र घुमाने के मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित उस भीड़ का हिस्सा थे जिसने गुरुवार को एक महिला से छेड़छाड़ करते पकड़े जाने के बाद श्रमिकों को निर्वस्त्र करके घुमाया था। भीड़ को यह भी संदेह था कि आरोपित श्रमिक अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी है।

उल्लेखनीय है कि सुंदरगढ़ के मिशन रोड इलाके के पास निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों में से एक ने कथित तौर पर एक महिला से छेड़छाड़ की थी। जब वह मदद के लिए चिल्लाई, तो स्थानीय लोगों ने आरोपित को पकड़ लिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इसी दौरान 100 से अधिक लोगों की गुस्साई भीड़ ने पास में काम कर रहे बंगाल के सात अन्य निर्माण श्रमिकों को भी पकड़ लिया। उनकी भी पिटाई की और कुछ दूरी तक उन्हें पूरी तरह से निर्वस्त्र होकर चलने के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में 10 नामजद समेत 100 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इनमें से 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ टाउन थाने में कांड संख्या 408 भादवि की 191(2)/191(3)/329(3)/115(2)/109/324(4)/117(4)/190 दर्ज किया गया है। उन्हें अदालत में पेश किया गया और आगे की जांच जारी है। दूसरी ओर, छेड़छाड़ पीड़िता के परिवार ने भी आरोपित निर्माण मजदूर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। यह सभी आरोपित भीड़ के हमले में लगी चोटों के लिए अस्पताल में इलाज करा रहे है। आठों निर्माण मजदूर एक विशेष धर्म से ताल्लुक रखते हैं और पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के मूल निवासी हैं।

गिरफ्तार आरोपितों में मानस साहू (30), सुमंत महापात्र (29), सनकेत गुरु (20), गोपाल बानछोर (27) व अन्य दो शामिल है।

जिन आठ मजदूरों के साथ मारपीट हुई उनमें सोहिदल शेख (19), मनेजुल रहमान (20), मेनकल शेख (50), अब्दूल समद शेख (20), मफेजुल शेख(18), सैदूल हक (55), शकील शेख (18) व मंदन शेख (38) शामिल है।

> भीड़ द्वारा पिटाई करने व निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि 100 से अधिक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं इस संबंध में दर्ज दूसरे मामले के आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। – **बृजेश राय**, डीआइआइ, पश्चिमांचल

- आठों निर्माण श्रमिक पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला के निवासी बताए गए हैं

**10** नामजद समेत 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है घटना में

### अवैध बालू लदे दो हाइवा को आदिवासी संघ ने रोका

**संस, जागरण● झारसुगुड़ा, :** कोलाबीरा थाना सोडामाल पंचायत स्थित भेडन नदी के भीमजोर बालू घाट से दो हाइवा में बीना ट्राजिट पास (टीपी) के गैरकानूनी रूप से बालू लोडकर चलान किए जाने की सूचना पाकर आदिवासी संघ के जिला उपाध्यक्ष वीर धुर्वा के नेतृत्व बड़ी संख्या में सदस्यो ने सोडा माल हाईस्कूल चौक के पास बालू लदे उक्त दोनों हाइवा को रोका लिया। जब चालक से टीपी मांगा गया तो उसके पास नहीं था। इसके बाद संघ के सदस्यों ने सैडामाल सरपंच चंदन पटनाय व कोलाबीरा पुलिस को सूचना दी। सुचना पाकर सरपंच पटनायक व कोलाबीरा एएसआइ इसाक केरकेट्टा घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को थाना ले गई। जिला व खदान अधिकारी व परिवाहन अधिकारी को सूचना देकर पुलिस ने बुलाया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर वाहन मालिक ने दो टीपी खदान अधिकारी के पास वाट्सएप पर भेजा है। इसलिए उनसे जुर्माना नहीं वसूला गया।

# सब्जी रखने के काम नहीं आ रहे पांच कोल्ड स्टोरेज

- किसानों में जागरूकता की कमी, खराब हो रही है सब्जी
- बिसरा, नुआगांव, कुआरमुंडा अंचल के किसान परेशान

**जासं, राउरकेला :** राउरकेला स्मार्ट सिटी में बिसरा, नुआगांव, कुआरमुंडा व अन्य क्षेत्रों से सब्जी लेकर आने वाले किसान एवं व्यापारियों की सब्जी ताजा व सुरक्षित रखने के लिए पांच कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया गया है। सब्जी बाजार क्षेत्र ट्रैफिक गेट, आमबगान, छेंड कालोनी, पानपोष मार्केट एवं फर्टिलाइजर मार्केट में इसका निर्माण किया गया है एवं इनके संचालन का दायित्व महिला स्वयंसहायता समूहों को दिया गया है इसके बावजूद उपयोग नहीं हो पा रहा है एवं किसानों की सब्जी खराब हो रही है। राउरकेला नगरपालिका की ओर से 2021-22 आर्थिक वर्ष में आठ करोड़ की लागत पर पांच स्थानों पर अत्याधुनिक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है। नगर निगम की स्वीकृति पर राउरकेला के ट्रैफिक गेट, छेंड कालोनी, आम बगान मार्केट, पानपोष मार्केट एवं फर्टिलाइजर में इसकी शुरुआत की गई है। विभिन्न क्षेत्रों से सब्जी लाने वाले किसान इन्हें बेचने के बाद बची सब्जी को दूसरे दिन के लिए ताजी रखने की सुविधा मिल रही है। जागरूकता के अभाव में किसान इन्हें कोल्ड स्टोरेज में नहीं रख पा रहे हैं एवं इनका संरक्षण नहीं हो पा रहा है। अब नई तकनीक के लिए इससे एनआइटी राउरकेला को जोड़ा गया है इससे लाभ मिल सकेगा। नगर निगम की निगरानी में यूएनडीपी की ओर से 45 अस्पताल, होटल, हास्टल में सब्जी के साथ हस्तनिर्मित सामग्रियां पहुंचायी जायेंगे। विवाह, जन्मदिन, आदि के आर्डर भी मिल रहा है। सामान पहुंचने के लिए महेंद्रा इलेक्ट्रिक वाहन का प्रबंध है।



विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक खेलोत्सव के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि ● जागरण

# आउटबाउंड लर्निंग प्रोग्राम के जरिये कर्मियों में भरा जोश


आउटबाउंड लर्निंग प्रोग्राम में आरएसपी के कर्मचारी व अधिकारी ● जागरण

**जासं, राउरकेला :** राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) में आउटबाउंड अनुभवात्मक लर्निंग प्रोग्राम जोश के तहत नवंबर में चार बैचों में अधिकारियों सहित 104 कर्मचारी और दिसंबर में तीन बैचों में उनमें से 75 कर्मचारियों को शामिल किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पेशेवर विकास और टीम की गतिशीलता को बढ़ाना था। प्रत्येक बैच की दो दिवसीय अवधि थी। टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) द्वारा विशेषज्ञ सहायता प्रदान की गई। सुंदर "उमंग" मंदिरा जलाशय परिसर में सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उल्लेखनीय है कि, आउटबाउंड लर्निंग पहल ने सर्वांगिन विकास दृष्टिकोण पर आधारित था, जिसमें नेतृत्व, संचार कौशल, प्रदर्शन वृद्धि, योजना, परिवर्तन प्रबंधन, कार्यभार सौंपना, टीमवर्क और प्रेरणा जैसे प्रमुख पहलुओं को संबोधित किया गया। अनुरूप पाठ्यक्रम प्रतिभागियों के पेशेवर कौशल सेट में सकारात्मक बदलाव लाने और एक सहयोगी कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया था। आउटडोर साहसिक सेटिंग में 40 फीट ऊंचा रैपलिंग टावर, आस्ट्रेलियाई पग चाल के लिए लकड़ी के तख्ते, रेंगने के लिए सुरंग, समानांतर रस्सी, बंदर कूद के लिए रस्सी और कई अन्य टीम बिल्डिंग गेम शामिल थे। 23, 26, 28 और 30 नवंबर को विभिन्न बैचों के लिए आयोजित समापन समारोह में क्रमशः मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) एतवा उरांव, मुख्य महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) आरके मुदुली, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं अतिरिक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी एस प्रहराज और मुख्य महाप्रबंधक (आइएंडए) एससी पात्र शामिल हुए। जबकि 10, 12 और 14 दिसंबर को समापन समारोह की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं एवं आधुनिकीकरण) पिनाकी चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) आशा कार्था और मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) सुमीत कुमार ने की। अतिथियों ने शाप फ्लोर के मुद्दों और गतिशीलता के संबंध में अपने आउटबाउंड सीख अनुभव साझा किए। सभी कार्यक्रम, वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर-एल एंड डी) हिमांशु मिश्रा और उप प्रबंधक (एचआर-एल एंड डी), एसके शुक्ला के मार्गदर्शन में सुरक्षित आयोजित किए गए।

### विवेकानंद स्कूल का वार्षिक खेलोत्सव में येलो दल चैंपियन

**संस, जागरण● ब्रजराजनगर :** विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के खेलोत्सव में येलो हाउस चैंपियन, ग्रीन हाउस उपविजेता व रेड हाउस तृतीय, मार्च पास्ट में ग्रीन हाउस चैंपियन, ब्लू को द्वितीय व येलो हाउस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# नगरपालिका ने बिना अनुमति के केबल बिछाने के काम को बंद कराया


निजी संस्था की ओर से किया जा रहा सड़क खोदकर केबलिंग का काम ● जागरण

**संस, जागरण● झारसुगुड़ा :** शहर के विभिन्न स्थानों में बिना अनुमति के सड़क खोदकर केबल बिछाने का काम चल रहा है। इसकी सूचना मिलने के बाद नगरपालिका ने उक्त काम को बंद करा दिया।

जानकारी के अनुसार हाई स्पीड ब्राडबैंड के लिए एक निजी संस्था शहर भर में केबल बिछाने का काम कर रही है। नियमानुसार जिस अंचल में केबल बिछाया जाना है, इसके लिए पहले संबधित सरकारी विभाग से अनुमति लेना जरूरी है। लेकिन शहर के बेहरामाल चौक के पास बिना किसी अनुमति के एक से अधिक स्थान में बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर केबल बिछाने का काम चल रहा था। इसकी सूचना मिलने के बाद नगरपालिका के कर्मचारियों ने वहां पहुंचकर केबल बिछाने के काम को बंद करा दिया है। वहीं अब कानून के अनुसार उक्त संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**संस्था के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी, हाई स्पीड ब्राडबैंड के लिए बिछाया जा रहा था केबल**

### कबड्डी खेल कर लौटे पीयूष यादव का सम्मान


राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी खेलकर लौटे पीयूष को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य।

**संस, जागरण● ब्रजराजनगर :** नगर के अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान शिक्षा निकेतन के छात्र पीयूष यादव इसी महीने की 6 से 11 दिसंबर तक हरियाणा के भिवानी स्थित भीम स्टेडियम में स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में सीआइएससीई की राष्ट्रीय टीम में शामिल थे। इस राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करके वापस ब्रजराजनगर लौटने पर शुक्रवार को विद्यालय के प्राचार्य बीरेंद्र कुमार मिश्र ने उनको तथा उनके प्रशिक्षक संजय कुमार पाढ़ी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य महेश शर्मा ने किया। विद्यालय प्रबंधन कमेटी ने भी पीयूष यादव को शुभकामनाएं प्रदान कीं।


**दिल्ली नगर निगम**
**कार्यालय, उप आयुक्त**
पारिश्रमिक परियोजना कक्ष
(25वीं मंजिल), सिविक सेंटर, नई दिल्ली-110002

**मासिक लाइसेंस शुल्क के आधार पर दिल्ली नगर निगम की अधिकृत पार्किंग साइट के आवंटन हेतु निविदा**

आयुक्त, एमसीडी की ओर से दो बोली प्रणाली (तकनीकी और वित्तीय) के अंतर्गत में मासिक लाइसेंस शुल्क के आधार पर एमसीडी के अधिकार क्षेत्र के तहत 21 अधिकृत पार्किंग साइट (02 क्लस्टर सहित) के आवंटन के लिए पात्र बोलीदाताओं से ई-बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की अवधि तीन वर्ष और फर्म के संतोषजनक प्रदर्शन पर अतिरिक्त दो वर्षों तक विस्तार योग्य है, जैसा सक्षम प्राधिकारी द्वारा **निविदा एनआईटी संख्या 2391, दिनांक 13.12.2024** के अनुसार तय किया गया है। बोलियों की अनुसूची इस प्रकार है:- **1. बोली डाउनलोड प्रारंभ तिथि:** 14.12.2024 प्रातः 09:00 बजे से, **2. बोली-पूर्व बैठक:** 17.12.2024 अपराह्न 3:00 बजे सम्मेलन कक्ष, 20वां तल, सिविक सेंटर, **3. बोली जमा करने की आरंभ तिथि:-** 14.12.2024 प्रातः 09:00 बजे से, **4. ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** 21.12.2024 अपराह्न 03:00 बजे तक, **5. तकनीकी बोलियां खोलने की तिथि:** 23.12.2024 को अपराह्न 03:00 बजे से आर.पी. सेल/एमसीडी विभाग 25वां तल, सिविक सेंटर में। अधिक जानकारी के लिए एमसीडी की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in और www.etenders.gov.in देखें या 011-23227514 नंबर पर संपर्क करें।

हस्ता /-
सहायक आयुक्त
आर.पी.सेल/एमसीडी

RO No. 48/DPI/MCD/2024-25



**National Games Secretariat**
**Department of Sports (Govt. of Uttarakhand)**
**Maharana Pratap Sports College, Thano Road, Raipur, Dehradun-248008**

Date- 13/12/2024 RFP References- 47/2024, 48/2024

**Notice Inviting Tender**

The National Games Secretariat Department of Sports, Uttarakhand on behalf of the Governor of Uttarakhand invites bids from reputed and experienced firms/agencies/companies for:

| Sr. No | RFP | Bid Security | Reference No. |
|---|---|---|---|
| 1. | Procurement (Supply and Installation) of Show jumping, Dressage and Tent pegging equipment for Equestrian for 38th National Games, Uttarakhand. | INR 60,000 | 47/2024 |
| 2. | Procurement (Supply and Installation) of Kit list and Kit for working crew for Equestrian for 38th National Games, Uttarakhand. | INR 20,000 | 48/2024 |

**Schedule of bidding process:**

| Sr. No | Activity Description | Date |
|---|---|---|
| 1. | Issue of RFP | 13.12.2024 |
| 2. | Starting date for submission of Bids | 18.12.2024 @ 15:00Hrs |
| 3. | Last date of submission of queries | 15.12.2024 @ 12:00 Hrs |
| 4. | Last Date for Submission of Bids | 26.12.2024 @ 15:00Hrs |
| 5. | The date for Opening of Technical Bids | 26.12.2024 @ 17:00Hrs |
| 6. | The date for Opening of Financial Bids | 27.12.2024 (tentative) |

All the information/Corrigendum/ addendum related to the project shall be published on the website https://uktenders.gov.in and the authority shall have the right to reject the bid partially or fully without assigning any reasons whatsoever.

**Chief Executive Officer**
**National Games Secretariat, Uttarakhand**



**MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला- 768020, जिला-संबलपुर, ओडिसा
दूरभाष (ईपीबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

**सूचना**

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**, संबंधित सहायक कंपनी (**एमसीएल, www.mahanadicoal.in**) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध है। R-5232



**रेल पहिया कारखाना/बेला**
(जिला - सारण), बिहार - 841221

**ई-निविदा संख्या:-** डी.सी.एस-एमआर-24, दिनांक: 12.12.2024 उप-मुख्य यांत्रिक अभियंता/अनुरक्षण, रेल पहिया कारखाना, बेला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु भारतीय रेलवे की विशेष निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित ऑनलाइन खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि:-** 03 वर्षों के लिए मोल्ड रूम और मोल्ड मरम्मत शाप के सभी धूल संग्रह सिस्टम (07 संख्या) की अनुसूचित रखरखाव कार्य गतिविधि का निष्पादन। **अनुमानित लागत:- ₹ 23,55,319.18 बोली प्रतिभूति की राशि:- ₹ 47,100/- निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:-** 15.01.2025 को 15:00 बजे। **वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण विवरण देखी जा सकती है:-** पूर्ण विवरण और टेंडर/बोली प्रस्तुत करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे के विशेष निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर जाएं। उपरोक्त निविदा के संबंध में परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/रद्दीकरण सहित अद्यतन के लिए निविदाकर्ता(ओं)/बोलीदाता(ओं) को IREPS पोर्टल www.ireps.gov.in से जुड़े रहने के लिए निर्देशित किया जाता है।

कृते उप-मुख्य यांत्रिक अभियंता/मेंटेनेंस/रेपका/बेला
आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी भी टी/2024-25/77



**उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना**
लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
**एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड**
द्वारा निष्पादित
एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई ASPIRE

बुकिंग केवल ऑनलाइन मोड से




प्रारंभिक आवेदकों के लिए 7%* तक की छूट




**प्राइम लोकेशन:**
**निकटतम मेट्रो स्टेशन:**
आगामी मेट्रो स्टेशन से पैदल दूरी
सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन से 20 मिनट।
**आनंद विहार आईएसबीटी / रेलवे स्टेशन :** 30 मिनट।
**इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा/ज़ेवर हवाई अड्डा:** 1 घंटा
प्रसिद्ध अस्पतालों और स्कूलों से निकटता

*प्रारंभिक शुल्क जमा करने वाले पहले 500 आवेदकों के लिए **5%** की शुरुआती छूट
सरकारी/पीएसयू/स्वायत्त निकायों के सभी कर्मचारियों और महिला, वरिष्ठ नागरिक आवेदकों के लिए अतिरिक्त **2%** की छूट

कृपया नियम एवं शर्तों और बुकिंग फॉर्म के लिए इस क्यूआर को स्कैन करें। बुकिंग फॉर्म 15.12.2024 को सुबह 6 बजे से उपलब्ध होगा

अधिक जानकारी के लिए,
कृपया हमारी वेबसाइट देखें:
**www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in**
**या कॉल करें: 9772907414**

कृपया लोकेशन के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।